जयराम सिंह मेमोरियल
शिक्षण एवं नारी उत्थान समिति
देवभूमि, उत्तराखण्ड
निति आयोग ARPAN UID UA/2021/0274166
पंजीकृत सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860, रजिस्ट्रेशन नं० UK06003122019002870

Jairam Singh Memorial
Shikshan Evam Nari Utthan Samiti
Devbhumi, Uttarakhand
Niti Ayog ARPAN UID UA/2021/0274166
Registered Under Society Registration Act 1860,
Registration No: UK06003122019002870

दिनांक: 11.06.2021

सेवा में,

श्री श्रीचंद शर्मा जी,
संरक्षक
लोक पंचायत, विकासनगर,
देहरादून, उत्तराखण्ड– 248198

विषयः "श्री जयराम सिंह मैमोरियल शिक्षा एवं नारी उत्थान समिति" रसूलपुर, विकास नगर, उत्तराखण्ड, द्वारा कोविड–19 (कोरोना विषाणु संक्रमण) से बचाव हेतु, 300 मास्क वितरण के सम्बन्ध में।

महोदय जी,

**"श्री जयराम सिंह मैमोरियल शिक्षा एवं नारी उत्थान समिति"** रसूलपुर, विकास नगर, उत्तराखण्ड, जो कि, उत्तराखण्ड शासन से पंजीकरण समिति है, जिसे वर्ष 2019 में श्री रणबीर सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, देहरादून, द्वारा अपने पिता **श्री जयराम सिंह तोमर जी** की प्रेममयी याद में **"शिक्षा एवं नारी उत्थान"** के लिए बनाई गई है। यह समिति इस कठोर काल के दौरान भी देवभूमि उत्तराखण्ड में शिक्षा एवं नारी उत्थान के लिए समर्पित राज्य के दूरस्थ ग्रामीण अंचल, जौनसार बावर जनजाति क्षेत्र चकराता जनपद देहरादून, से ताल्लुक रखते हुए शिक्षा तथा नारी उत्थान के लिए पिछले दो वर्षो से कई बेहतरीन कार्य किए है, और आगे भी प्रयासरत है कि, इस देवभूमि में अपनी थाती–माटी की जवाबदेही के तहत कुछ अच्छा कर पाऐं।

इस समिति द्वारा सरकारी विद्यालयों में छात्रों को लाईब्रेरी, क्लासरूम में फर्नीचर, मैट के अतिरिक्त वृद्ध लोगों को कम्बल, जनजातीय क्षेत्र की गरीब परिवार की महिलाओं को स्वरोजगार एवं सशक्तिकरण बावत् सिलाई मशीनें, तथा **कोविड–19 (कोरोना विषाणु संक्रमण)** से बचाव हेतु, राज्य के दूरस्थ ग्रामीण अंचल, जौनसार बावर जनजाति क्षेत्र में मास्क एवं सैनेटाईजर व जौनसार बावर कल्याण समिति दिल्ली के माध्यम से क्षेत्र में दवाईयाँ वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए समय–समय पर उपलब्ध फण्डस एवं आवेदनों की समीक्षा एवं प्रस्तावित सामान के साथ–साथ महिलाओं एवं छात्रों के हितों में कार्य किया है।

अतः समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि, लोक पंचायत विकासनगर, जो कि, देवभूमि उत्तराखण्ड के ग्रामीण लोगों के हितों के लिए दिन–रात कार्य करते है, की सुरक्षा के लिए उपरोक्त वर्णित कार्यों के अतिरिक्त आपके सेवार्थ एक छोटी सी पहल करते हुए, 300 मास्क एवं 24 बोटल सैनेटाईजर (500 ml), सहर्ष भेंट का निर्णय लिया है, कृपया ग्रहण/स्वीकार करने की कृपा करें।

आदर सहित!!

J.R.S. Memorial Sikshan Evam Nari Utthan Samiti ★ Chakrata (UK) ★

भवदीया,
Sheela
(शीला सिंह)
अध्यक्षा
जयराम सिंह मेमोरियल शिक्षण
एवं नारी उत्थान समिति, उत्तराखण्ड।
मो०नं०– -

रसूलपुर, विकासनगर पिन : 248192 जनपद देहरादून उत्तराखण्ड एवं कैम्प ऑफिस : ग्राम कोरूवा, चकराता, देहरादून पिन : 248123
Rasulpur, Vikas Nagar, Pin - 248192, Distt. Dehradun Uttarakhand & Camp Office : At Korwa, Chakrata, Dehradun Pin - 248123
Mobile : +91-9411129900, E-mail : info@jrsmemorialsociety.org, Website : www.jrsmemorialsociety.org